# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 282 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 05 नवम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com







# बिलासपुर ट्रेन हादसा-अब तक 10 की मौत, 30 से ज्यादा घायल



**छ.ग.फ्रंटलाइन बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में मंगलवार को हुए भीषण रेल हादसे में अब तक 10 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से 30 लोग घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ जब कोरबा पैसेंजर ट्रेन ने आउटर लाइन पर खड़ी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेन के आगे के डिब्बे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

### सीएम ने ली घटना की जानकारी

इस भीषण हादसे को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना को अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा, मैं इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने हादसे के पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता राशि की घोषणा करते हुए बताया कि राज्य सरकार दिवंगत यात्रियों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार की आर्थिक मदद देगी।

## लोको पायलट फंसा, कई यात्रियों को गैस कटर से निकाला गया

हादसे में पैसेंजर ट्रेन का लोको पायलट इंजन में फंस गया था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। महिला कोच को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। कई यात्रियों को डिब्बों में फंसे होने के कारण गैस कटर से दरवाजे काटकर और सीढ़ी लगाकर बाहर निकाला गया। रेलवे और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद है और रेस्क्यू अभियान जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कोरबा पैसेंजर के लोको पायलट ने आउटर लाइन पर खड़ी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रैक पर मरम्मत और क्लियरेंस का कार्य जारी है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है। साथ ही रद्द और डायवर्ट की गई ट्रेनों की सूची जारी की जा रही है।

**घायलों का इलाज जारी**–घायलों को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल और अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कई गंभीर घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। मौके पर रेलवे की मेडिकल टीम और एनडीआरएफ की यूनिट भी तैनात है।

## रेलवे ने किया मुआवजे का ऐलान

रेल मंत्रालय ने हादसे के बाद मुआवजे की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख की आर्थिक सहायता, गंभीर घायलों को 5 लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत-बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

# लग्जरी कार सवारों के पास मिला 56.5 किलोग्राम गांजा, आरोपी जेल दाखिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने 56.5 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 12 लाख रुपये बताई जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 3 नवम्बर की शाम को लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा मार्ग पर गस्त के दौरान एक नई ग्रैंड विटारा कार को ओवरटेक करके रोकने पर कार चालक हड़बड़ा गया। संदेह होने पर कार आगे न जाने पाए, इसलिए मार्ग अवरूद्ध किया गया। पूछताछ करने पर चालक ने कार में गांजा रखे होने की जानकारी दी। कार में बैठे दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम जगत राम राजवाड़े निवासी ग्राम कोरजा, थाना लखनपुर व अरविंद राजवाड़े निवासी भिट्ठी कला थाना मणिपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर 54 पैकेट गांजा मिला, जिसका वजन 56.559 किलोग्राम था। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20सी के तहत गिरफ्तार कर 4 नवंबर को विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स अंबिकापुर में पेश किया गया, जहां से इन्हें जेल दाखिल करने का आदेश प्राप्त हुआ। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद गांजा की बड़ी खेप पकड़ने में उड़नदस्ता टीम को सफलता मिली है। इसके पहले बीते वर्ष



मुकेश राम यादव को 40 किलो गांजा के साथ फोर्ड इको स्पोर्टस कार में पकड़ा गया था, उक्त आरोपी को न्यायालय ने 14 वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के साथ आबकारी उप निरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, अंजू एक्का व आबकारी स्टाफ नीरज चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ट्रैक्टर में गुप्त चेम्बर बनाकर 106.60 किलोग्राम गांजा की तस्करी



**बलरामपुर।** थाना बलरामपुर पुलिस ने बिहार से लाए जा रहे 106.60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलीभी जप्त किया है। पुलिस के मुताबिक 03 नवंबर की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर में हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे वेल्डिंग कर बनाए गए गुप्त चेम्बर में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर उड़ीसा से बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की। वाहन चालक ने पूछताछ में अपना नाम इजहार आलम पिता स्व. मुमताज मियां 24 वर्ष निवासी ग्राम करारी, थाना शिवसागर, जिला रोहतास, बिहार बताया। वाहन की तलाशी लेने पर ट्रॉली में छिपाकर रखे गए 75 पैकेट्स बरामद हुए, जिनमें गांजा भरा हुआ था। मौके पर तौलने पर कुल वजन 106.60 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा को बोरियों में भरकर सील बंद किया और ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत सभी वस्तुओं को विधिवत जब्त करने की कार्रवाई की। आरोपी इजहार आलम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।
















# राज्योत्सव, हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए देता है प्रेरणा : रामसेवक

## रंगारंग सांस्कृतिक आयोजनों के साथ राज्योत्सव के 3 दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ न केवल धान का कटोरा है बल्कि संस्कृति का खजाना है। राज्योत्सव केवल एक उत्सव नही बल्कि यह हमारी पहचान है, हमारी परंपरा और हमारी लोक संस्कृति का सम्मान है यह बात जिला स्तरीय राज्योत्सव समापन कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष, प्रदेश की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। राज्योत्सव हमारे जीवन से जुड़ी उस माटी, मेहनत और संस्कृति का उत्सव है, जिसने छत्तीसगढ़ को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कला और संस्कृति के संरक्षण से हमारी पहचान और मजबूत हुई है। श्री पैकरा ने कहा कि राज्योत्सव हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि हम सब मिलकर आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भूलन सिंह मरावी किया गया। राज्योत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लुफ्त उठाने के लिए नगरवासी बड़ी तदाद



में कार्यक्रम स्थल पर पंहुचें थे। आज के कार्यक्रम के आकर्षण स्थानीय कलाकार रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया। सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में लगाये गए प्रदर्शनी में शिक्षा विभाग का स्टॉल सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग विधाओं से संबंधित चार जीवंत मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया था। जिसमें मक्के छिलने वाला उपकरण, बिना बिजली का ट्रेडमिल, मूंगफली से दाना निकलने वाला उपकरण व नारियल फोड़ने वाले उपकरण का प्रदर्शन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा भी खेतों से धान कटाई से लेकर वितरण व उचित मूल्य दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का मॉडल का प्रदर्शन किया गया। स्टाल में चरणबद्ध तरीके से धान की कटाई, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां में किसान पंजीयन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में धान का परिवहन कर खरीदी , धान संग्रहण केदो में भंडारण तथा राइस तक परिवहन करने का प्रदर्शन किया गया है द्य इसके साथ ही स्टॉल में राईस मिल से छ.ग. स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन में कस्टम मिलिंग का चावल भण्डारण एवं उचित मूल्य दूकानों में चावल का भण्डारण कर हितग्राहियों को वितरण करना भी दर्शाया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, शैलेश अग्रवाल, राजेश महलवाला, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, संतलाल सिंह, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर एस. जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम शिवानी जायसवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपार आईडी कार्य की समीक्षा करने बीईओ पहुंचे राई हाईस्कूल, धीमे कार्य से नाराज बीईओ ने दो दिन का दिया अल्टीमेटम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** शिक्षा के क्षेत्र में वन नेशन, वन स्टूडेंट अपार आईडी बनाने का काम सही तरीके से और समय पर हो रहा है या नहीं। इसकी समीक्षा करने के लिए भैयाथान विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मरावी ने भ्रमण कर जायजा लिया। इसी बीच अचानक मंगलवार की दोपहर शासकीय हाईस्कूल राईं पहुचे जहाँ अपार आईडी कार्य की समीक्षा ली गई जिसमे धीमें गति कार्य होना पाया गया। अब तक यहाँ उच्चाधिकारियों ने निर्देश के बाद भी ध्यान नही देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीईओ ने संकुल प्रभारी को जमकर फटकार लगाई गई और



आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई। अपार आईडी छात्रों का डिजिटल पहचान पत्र की कार्य पूरी करने के लिए बीईओ मरावी ने संकुल प्रभारी व प्राचार्य इसिदोर तिर्की को चेतावनी दिए कि कहा कि दो दिन के इस अवधि पर यदि पूरे संकुल का अपार आईडी का कार्य पूरी नहीं हुई तो आगे की कार्रवाई के लिए स्वम जिम्मेदार होंगे। साथ ही जाते-जाते उन्होंने स्वच्छता पर भी बल दिया, उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल व शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

आपको बता दे कि पूरे खण्ड में एसडीएम, बीईओ, एबीईओ, बीआरसी के द्वारा लगातार स्कूलों में जाकर अपार आईडी कार्य की समीक्षा की जा रही है।

# अंधेरे से मुक्ति, फसल नुकसान समेत अन्य समस्याओं से निजाद दिलाने की मांग

## बिहारपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पहुंचे जिला मुख्यालय, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर/बिहारपुर।** जिले के दूरस्थ बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीण बिजली की सुविधा बिजली से वंचित हैं। वर्षों से बिजली सप्लाई शुरू न हो पाने से परेशान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का धैर्य अब टूटने लगा है। इसी गंभीर समस्या के साथ हाल ही में लगातार हुई बारिश से किसानों की धान की फसल बर्बाद होने के विषय को लेकर मंगलवार को क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के सरपंच जिला कार्यालय सूरजपुर पहुँचे और समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उमझर, करौटी ए, खैरा समेत लगभग दो दर्जन गांवों में आज तक बिजली की लाइन तक नहीं पहुंचाई गई है। ग्रामीण अंधेरे में जिंदगी गुज़ारने को मजबूर हैं। विभाग द्वारा प्रदत्त सोलर पावर प्लांट और होम लाइट भी अधिकतर गांवों में बंद पड़े हैं, जिससे जनता और भी समस्याओं का सामना कर रही है। इधर, भारी बारिश से धान की खड़ी फसल में पानी भर गया है और खेतों में फसल सड़ने लगी है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का त्वरित सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किए जाने की पुरजोर मांग की। जनप्रतिनिधियों ने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति एवं किसानों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर बाध्य होंगे। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में उमझर, करौटी ए, खैरा एवं आसपास के पंचायतों के सरपंच शामिल थे।

# धान खरीदी से पूर्व किसानों की सुविधानुरूप समितियों में करें आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण : जयवर्धन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक



उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,पीएम आवास, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण, घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन, प्रधानमंत्री सूर्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर भी चर्चा की। सड़क मरम्मत कार्य को लेकर बैठक मे पीडब्ल्यूडी अभियंता व अन्य निर्माण एजेंसी के अभियंताओं को को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ व गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि माप-तौल, परिवहन, भुगतान भंडारण और बारदाना व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय और छायादार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि किसान को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में हर स्तर पर पारदर्शिता दिखनी चाहिए।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को खरीदी केंद्रों की तैयारियों को लेकर निर्धारित चेकलिस्ट का अनुपालन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मेहनत, अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की सच्ची कुंजी : सोमनाथ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित अरुणोदय कैरियर के लिए वह समय अत्यंत गौरवपूर्ण हो गया जब इंस्टीट्यूट की छात्राएं, जिन्होंने हाल ही में छत्तीसगढ़ नगर सेना परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, अपने शिक्षकों और सहपाठियों से मिलने संस्था में पहुँचीं।

इस वर्ष संस्था से लगभग 22 छात्राओं का चयन नगर सैनिक के पद पर व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से हुआ है। जिनमें राधा सिंह, प्रीति सिंह, संध्या, सरिता, गीता सिंह, चिंता सिंह, नेहा रजवाड़े , मनमेत, सविता, पार्वती, डिम्पल सिंग इत्यादि शामिल हैं। संस्था में इनका स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट के बीच किया गया।

सभी छात्राएं जब मंच पर पहुँचीं, तो पूरे परिसर में उत्साह, प्रेरणा और गर्व जैसे सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बन गया। छात्राओं ने अपने संघर्ष, तैयारी की रणनीतियाँ और सफलता की यात्रा साझा कर संस्था में मिठाई के माध्यम से अपनी खुशियां बांटी। उन्होंने अरुणोदय के शिक्षकों और मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मुख्य आधार बताया एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक संचालक विजेंद्र एक्का द्वारा संस्था में पहुंच कर इन छात्राओं को बधाई एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सोमनाथ साहू ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि, अरुणोदय के विद्यार्थियों की यह सफलता पूरे संस्थान के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। मेहनत, अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के व्याख्याता रोहित तिवारी द्वारा किया गया। संस्था में संगीता सोनी ने विशेष बधाईयां दी।अंत में सभी चयनित छात्राओं के साथ समूह चित्र लिया गया, जिसने इस दिन को अरुणोदय के इतिहास में एक स्मरणीय क्षण के रूप में दर्ज कर दिया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित अरुणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना 2018 में हुई थी, तब से अब तक केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में यहां के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने लगातार सफलता प्राप्त करके जिला प्रशासन को गौरवांवित किया है।

### पीएससी साक्षात्कार हेतु तीन छात्रों का हुआ चयन

पीएससी 2024 के मुख्य परीक्षा के परिणाम के अनुसार संस्था के तीन छात्रों अजय सिंह, राजेंद्र सिंह, कपिल देव सिंह का चयन साक्षात्कार हेतु हुआ है। संस्था को उम्मीद है कि सभी छात्रों का चयन इस वर्ष वांछित पदों पर हो जाएगा।


न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम चरचा की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जयनिता पिता/पति आकाश जाति कोड़कू निवासी चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा आकाश निवासी चरचा का जन्म/मृत्यु दिनांक 04/09/2023 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 30/10/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम सलका की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अतिउल्ला पिता/पति गफ्फार जाति मोमिन निवासी सलका तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा स्व. सहीदा निवासी सलका का जन्म/मृत्यु दिनांक 09/11/2011 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 07/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202511020700008

विषयः– ब–121
मामले की श्रेणीः– राजस्व
सन् :– 2025–2026

पक्षकारों का विवरण – आवेदक पक्षकार भूखल राम यादव,
अनावेदक पक्षकार –छ०ग० शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक भुखल राम यादव आर०स्व० जयनाथ यादव निवासी ग्राम महुआटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित खसर। नंबर 2010, 2011 रकबा 0.045. 0.142 0.142 हे० भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील अम्बिकापुर


# रजत महोत्सव पर धान कटाई व राशन दूकानों से खाद्यान्न वितरण मॉडल का किया गया प्रदर्शन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** खाद्य विभाग के द्वारा छ.ग. रजत महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय आपूर्ति श्रृंखला किया है। विभाग द्वारा भी खेतों से धान कटाई से लेकर वितरण व उचित मूल्य दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का मॉडल का प्रदर्शन किया गया। स्टाल में चरणबद्ध तरीके से धान की कटाई, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां में किसान पंजीयन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में धान का परिवहन कर खरीदी, धान संग्रहण केद्रो में भंडारण तथा राइस तक परिवहन करना प्रदर्शित किया है। इसके बाद राईस मिल से छ.ग. स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन में कस्टम मिलिंग का चावल भण्डारण एवं उचित मूल्य दूकानों में चावल का भण्डारण कर हितग्राहियों को वितरण करना दर्शाया गया है। उचित मूल्य दुकानों से समस्त बीपीएल हितग्राहियों को फोर्टीफाईड चावल का वितरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाता है। स्टाल में विभाग द्वारा सामान्य चावल, फोर्टीफाइड चावल तथा फोर्टीफाइड राईस कर्नेल का प्रदर्शन भी किया गया है तथा हितग्राहियों को फोर्टीफाइड चावल के लाभ के संबंध में जागरूक भी किया जा रहा है। अंत में विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए गैस एजेंसी का मॉडल



प्रदर्शित किया गया है विदित होकर केंद्र शासन द्वारा 10 लाख नए गैस कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। विभागीय स्टाल में धान के खेतों से परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं ट्रक में लोड धान तथा चावल के बोरे विशेष आकर्षण का केंद्र बने हैं। खाद्य विभाग में वर्तमान में जिले के एपीएल राशनकार्ड धारी सहित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के 2,47,712 हितग्राहियों को खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 126496 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है तथा विगत वर्ष में 59052 किसानों से 3,97,204.48 मेट्रिक टन का उपार्जन भी किया गया है जिसका मूल्य 91357.05 लाख रूपये किसानो को भुगतान किया गया है।

### विज्ञान मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

शिक्षा विभाग के स्टॉल में बालक माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग विधाओं से संबंधित चार जीवंत मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के रचनात्मकता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रशंसा एवं सराहना जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। विद्यार्थी नवल साय 10 वीं ने मूंगफली फोड़ने वाले उपकरण का निर्माण किया है जो कम से कम समय में अधिक से अधिक मूंगफली के दोनों को उनके छिलकों से अलग करता है। दिनेश साहू 9 वीं ने ग्रामीण क्षेत्रों में मक्के छीलने की समस्या को देखकर मक्का छीलने वाले उपकरण का निर्माण किया है।अविनाश सिंह 12 वीं ने बिना बिजली से चलने वाले लकड़ी से बने ट्रेडमिल का निर्माण किया है। जिसका निर्माण कर आम आदमी भी बिना बिजली के कम खर्चे में स्वास्थ्य लाभ ले सकता है। वहीं जावेद रजा अंसारी 12 वीं ने धार्मिक स्थलों, विभिन्न प्रकार के समारोह और घरों में नारियल फोड़ने की समस्या को देखते हुए कम समय में अधिक से अधिक नारियल फोड़ने वाले उपकरण का निर्माण किया है। जिसका निरीक्षण कर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज,प्रेम नगर के क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी एवं जिले के उच्च अधिकारियों व कर्मचारियों इसके अलावा आम जनता द्वारा छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत,समर्पण एवं विज्ञान को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए बधाई दे रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए जीवंत मॉडल में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत साफ दिखाई दे रही है, जिन्होंने इन्हें प्रदर्शित करते हुए अपार आत्म विश्वास, नवीनता,ज्ञान और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया है। जिससे हमारा शिक्षा विभाग गौरवान्वित हुआ है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, डीएमसी मनोज कुमार साहू एवं सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंह देव ने राज्य उत्सव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी, मार्गदर्शक शिक्षक गोपाल सिंह एवं विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## समय की जरूरत है यातायात नियमों का पालन, भारी पड़ सकती है लापरवाही : एसएसपी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है। इसकी रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 से 15 नवम्बर तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है, जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और उनका उल्लंघन करने से बचने की अपील की। मंगलवार, को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।



इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी कराई जा रही है। अभियान के दौरान आमजनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। पुलिस के जागरूकता अभियान में सड़क पर हेलमेट लगाकर सफर कर लोग अन्य नागरिकों को हेलमेट पहनकर बाईक चलाए कहते नजर आए और बताया कि हाथ-पैर में चोट लगा तो वह ठीक हो जायेगा किन्तु हेलमेट न पहनने की स्थिति में सिर में चोट लगाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए बाईक चलाते समय हेलमेट जरूर पहने और सुरक्षित रहे।

# फर्नीचर रिपेयरिंग गोदाम में लगी आग, 5 लाख का सामान जलकर खाक

## सुबह काम करने आए कर्मचारी तो गोदाम मालिक को मिली भीषण आग लगने की जानकारी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के मनेन्द्रगढ़ रोड में केंद्रीय विद्यालय के पास स्थित फर्नीचर रिपेयरिंग गोदाम में अलसुबह आग लगने से अफरातफरी की स्थिति बन गई। बगल में ही फर्नीचर पालिस करने का सामान और पेंट, पॉलिश के लिए मशीन रखा था। इससे लगा धान की बोरियों से भरा गोदाम भी था। आग भीषण रूप लेता तो बड़ी हानि की स्थिति बन सकती थी। गोदाम में आग लगने की घटना से संचालक बेखबर थे। घटना में कारोबारी को लगभग 5 लाख रुपये की क्षति पहुंची है।

जानकारी के मुताबिक वैभव अग्रवाल के फर्नीचर रिपेयरिंग गोदाम में मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे काम करने के लिए कर्मचारी पहुंचे थे। गोदाम का शटर खोलने का वे कोशिश किए लेकिन नहीं खुला। शटर गरम था और अंदर लकड़ी, प्लाई में आग लगने से आती आवाज को सुनकर उन्होंने इसकी सूचना तत्काल फर्नीचर रिपेयरिंग का कारोबार देखने वाले वैभव अग्रवाल को दी। वे मौके पर पहुंचे और फायर स्टेशन को इसकी सूचना दिए। कुछ ही देर में दमकल वाहन के साथ टीम मौके पर पहुंची और शटर को करीब दो दर्जन लोगों की मदद से खोलने में वे सफल हुए। गोदाम के अंदर पलाई, बत्ता और लकड़ी का अन्य सामान होने के कारण आग भीषण रूप ले लिया था। शटर खोलते ही धुएं का गुबार फैल गया, अंदर-बाहर कुछ नजर नहीं आ रहा था। धुआं बाहर निकले इसके लिए गोदाम के छत के सीट को हटाकर धुआं निकलने का लिए अतिरिक्त जगह बनाया गया और दमकल के साथ पहुंचे फायरकर्मी आग बुझाने में भिड़ गए। काफी मशक्कत के बाद इन्हें आग पर काबू पाने में सफलता मिली। आग बुझाने के बाद टीम रवाना हुई लेकिन गोदाम के अंदर आग की चपेट में आए सामानों से धुआं उठ रहा था, जिसे पूरी तरह से बुझाने की कोशिश चल रही थी। दुकान के संचालक ने शार्ट-सर्किट से आग लगने की संभावना व्यक्त की है।

### अलसुबह आग लगने की संभावना

फर्नीचर रिपेयरिंग का कारोबार करने वाले वैभव अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के समय रिपेयरिंग के लिए काफी पलंग, सोफा, कुर्सियां आई थीं, जिसे रिपेयरिंग के बाद संबंधितों के सुपुर्द कर दिया गया था, जिससे बड़ी हानि की स्थिति नहीं बनी। ग्राहकों का सामान आग की चपेट में कम ही आया है। फर्नीचर रिपेयरिंग के लिए गोदाम में रखा लाखों का प्लाई, बत्ता जलकर खाक हो गया। गोदाम संचालक के द्वारा शार्ट-सर्किट से अलसुबह 4 से 5 बजे के बीच आग लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### आग बुझाने 4 दमकल वाहनों का उपयोग

जिला अग्नि शमन अधिकारी, फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9.5 पर कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि मनेन्द्रगढ़ रोड में लक्ष्मी मोटर्स के पीछे वैभव फर्नीचर में आग लगा है। सूचना प्राप्त होने पर पहले दमकल वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 2295 को तत्काल रवाना किया गया। घटनास्थल पहुंचने के बाद कर्मचारियों से सूचना मिली कि आग लगने की घटना बड़ी है। इसके बाद वे स्वयं एक के बाद चार अग्निशामक वाहनों को रवाना करते मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर उनके साथ अंजनी तिवारी, गुलशन तिवारी, राजू गोस्वामी, विकास पांडे, राकेश रावत, बीजू नायर, राजेश्वर गुप्ता, विजय यादव, अजीत एक्का मौजूद रहे, आग को पूरी तरह से काबू करने में दो घंटे से अधिक समय लगा। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# अनोखी सोच के डांस प्रतियोगिता में 'डांस का जुनून' देखने को मिलेगा आज

## सीनियर-जूनियर सिंगल डांस का सेमीफाइनल संपन्न, फाइनल में 8-8 प्रतिभागियों को मिली जगह







**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित 'अनोखी सोच डांस प्रतियोगिता 2025' का बहुप्रतीक्षित सीनियर एवं जूनियर सिंगल डांस सेमीफाइनल राउंड बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस राउंड में कुल 25-25 प्रतिभागियों ने मंच पर अपने शानदार नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर नृत्य का ऐसा रंग बिखरा कि तालियां बजाते दर्शक झूम उठे। प्रतिभागियों ने क्लासिकल, फ्रीस्टाइल, कंटेम्परेरी और बॉलीवुड जैसे विभिन्न नृत्य शैलियों में दमदार प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, भाव-प्रदर्शन, ताल-लय और मंचीय प्रभाव को आधार बनाते हुए निर्णय लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत सिन्हा, हेमंत तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, चंद्रप्रताप सिंह, सुदामा कुर्रे, पंकज शुक्ला, विनय शर्मा, शैलू सोनी, बनारसी लाल गुप्ता, अतुल मेहता, भोलानाथ गुप्ता, लल्लू गुप्ता एवं उर्मिला सोनी रहे। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और संस्था के पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच मिलता है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीनियर वर्ग से 8 एवं जूनियर वर्ग से 8 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर फाइनल राउंड में जगह बनाई। सभी चयनित प्रतिभागियों का मंच पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में रमिन्दर कौर बाबरा, तनुदीप कौर बाबरा, श्वेता सिन्हा, मीरा साहु, लावण्या, रणविजय प्रताप सिंह एवं विनायक पांडेय उपस्थित रहे। सभी निर्णायकों ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि फाइनल राउंड में प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा होगा। संस्था के संयोजक ने बताया कि अनोखी सोच डांस प्रतियोगिता का उद्देश्य नए नृत्य प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करना है। सेमीफाइनल में युवाओं की ऊर्जा और जूनियर्स की लगन देखकर सभी गौरवान्वित हुए। अंत में संस्था की ओर से सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और सहयोगी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। फाइनल राउंड की तैयारी जोरों पर है, जो आज 4 नवंबर को होगी। दर्शक बेसब्री से उस शानदार शाम का इंतजार कर रहे हैं जब 'डांस का जुनून' अपने शिखर पर होगा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहु ने मनोरंजक शैली में किया, जबकि संस्था के सदस्य अभय साहु, लालजी साहु एवं अन्य सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुड़े रहे ।

# मतदाता सूचियों के एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने किया प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरिक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सोमवार 3 नवंबर को विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें सरगुजा जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ सांगठनिक ब्लॉक अध्यक्ष एवं नवगठित मंडलों के अध्यक्ष सहित कांग्रेस के मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को विशेष गहन पुनरिक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को समझाते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में एसआईआर के प्रत्येक पहलुओं को सूक्ष्मता से समझाते हुए पार्टी के नेताओं और कार्यकार्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कांग्रेस ने सरगुजा जिले के 787 मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत पार्टी के बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और मण्डल अध्यक्षों को उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ लेवल एजेंट को जनहित में एसआईआर की प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता के साथ मतदाताओं की सहायता करने तत्पर रहना है। एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अनूप मेहता ने बताया कि वर्ष 2003 के विशेष पुनरिक्षण में तैयार मतदाता सूचि में अगर किसी मतदाता का या उसके माता-पिता का नाम है, तो उसे किसी और दस्तावेज को गणना प्रपत्र के साथ देने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में 2003 में दर्ज नाम का एक्सट्रैक्ट निकाल कर उसे गणना प्रपत्र के साथ संलग्न करना ही पर्याप्त रहेगा। निर्वाचन विभाग ने बीएलओ को मतदाताओं की सहायता करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन विभाग के साथ हुई बैठक का हवाला देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अनूप मेहता ने प्रशिक्षण में जानकारी दी कि लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं का ऐसा रिकार्ड गणना प्रपत्र के साथ संलग्न करना उचित रहेगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि जिस मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 के पूर्व हुआ है, अगर उसका नाम 2003 की मतदाता सूचि में नहीं है तो उसे स्वयं के जन्म एवं निवास से संबंधित दस्तावेज देना होगा। जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के मध्य हुआ है, उन्हें स्वयं के साथ ही साथ उनके माता या पिता में से किसी एक का जन्म और निवास से संबंधित दस्तावेज देना होगा। जिन मतदाताओं का जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद हुआ है उन्हें अपने साथ अपने माता-पिता दोनों के जन्म एवं निवास से संबंधित दस्तावेज देने होंगे। 4 नवंबर से 4 दिसंबर के मध्य बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को 2 प्रति में गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और भरे हुए गणना प्रपत्र और दस्तावेजों को घर-घर जाकर एकत्र करेंगे। अगर किसी कारणवश कोई मतदाता इस अवधि में गणना प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो वह 8 नवंबर से 7 नवंबर के दावा आपत्ति की अवधि में फार्म 6 और उसका घोषणापत्र भरकर अंतिम मतदाता सूचि में अपना नाम जुड़वा सकता है।

### मतदाताओं को खुद को वैध साबित करने की बात अन्यायपूर्ण-सिंहदेव

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि चुनाव आयोग ने इस एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं पर यह बोझ डाल दिया है कि वो खुद को वैध मतदाता साबित करें। यह बात इस देश के मतदाताओं का अनादर करने के साथ अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूर्व में देश में 8 बार मतदाता सूचियों का विशेष पुनरिक्षण हुआ, किंतु कभी भी मतदाता पर यह भार नहीं होता था कि वो खुद को वैध साबित करे। यदि किसी मतदाता को लेकर कोई आपत्ति आती थी तो चुनाव आयोग उसकी जांच कर उस मतदाता की वैधता और अवैधता पर विचार करता था। इस एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं पर ही बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि गणना प्रपत्र के साथ जमा किए जा रहे दस्तावेजों का विवरण गणना प्रपत्र में दर्ज कर उसकी पावती प्राप्त करें। उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को, विशेष तौर पर बीएलए को आम मतदाताओं के मदद के लिए तत्पर और तैयार रहने का निर्देश दिया।

# एनएचएम के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में मानव संसाधन नीति का उल्लंघन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 31.10.2025 में संशोधन करते हुए मानव संसाधन नीति 2018 अनुसार संशोधित विज्ञापन जारी करने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सरगुजा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि मानव संसाधन नीति दिनांक 28.07.2018 के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु नियमावली बनाते हुए अंतिम चयन सूची तैयार करने नीति निर्धारण किया गया, जिसके अनुसार शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत, अनुभव अंक 10/15 तथा लिखित, कौशल, साक्षात्कार 20 अंक निर्धारित किया गया था। इसमें संशोधन करते हुए दिनांक 03.06.2019 को आदेश जारी करके बिन्दु क्रमांक (25.1) में संसोधन कर लिखित एवं साक्षात्कार शब्द को विलोपित करते हुए अंतिम चयन सूची तैयार करने हेतु नीति निर्धारित कर आदेश जारी किया गया, जिसके अनुसार शैक्षणिक योग्यता अनुभव के अंक कौशल परीक्षा का अंक को जोड़कर अंतिम चयन सूची तैयार किया जाना है। इधर सरगुजा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 31.10.2025 में स्पष्ट रूप से लिखित, कौशल, साक्षात्कार शब्द का प्रयोग किया गया है, जबकि मानव संसाधन नीति 2018 में संशोधन कर लिखित एवं साक्षात्कार शब्द को विलोपित कर दिया गया है। जारी विज्ञापन दिनांक 31.10.2025 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ मानव संसाधन नीति 2018 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो कई शंका को जन्म देता है। साथ ही विज्ञापन में अन्य त्रुटियां भी हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित न होना, ऐसे पदों पर विज्ञापन जारी करना जिसका भर्ती पूर्व के विज्ञापन से किया गया है और प्रतीक्षा सूची जीवित है तथा एक वर्ष की अवधि भी पूर्ण नहीं हुई है। संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय व जिला अध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने इस पर विचार करते हुए जारी विज्ञापन दिनांक 31.10.2025 में मानव संसाधान नीति 2018 के अनुसार संसोधन कर संसोधित विज्ञापरी जारी करने का आग्रह किया है।

# अधिवक्ता संघ ने नवीन न्यायालय भवन के विवादित स्थानांतरण के संबंध में की चर्चा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला अधिवक्ता संघ, सरगुजा कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी ने मंगलवार को ज़िला न्यायालय अंबिकापुर में आयोजित की, जिसमें नवीन न्यायालय भवन के विवादित स्थानांतरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जन-जागरूकता रैली के माध्यम से इस विषय से जनता को अवगत कराया जाएगा, जिससे न्याय व्यवस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आम नागरिकों का समर्थन और सहभागिता सुनिश्चित हो सके। अनिल सोनी ने बताया कि रैली 6 नवम्बर, गुरुवार को प्रात: 11 बजे जिला न्यायालय परिसर, अंबिकापुर से प्रारंभ होकर महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, ब्रह्म रोड, संगम चौक होते हुए गांधी स्टेडियम में आकर पूर्ण होगी। रैली के उपरांत गांधी स्टेडियम के सामने एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिवक्ताओं द्वारा नवीन न्यायालय भवन के संबंध में प्रशासनिक निर्णयों पर अपने विचार रखे जाएंगे तथा आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। संघर्ष समिति के संयोजक संतोष सिंह ने स्पष्ट किया कि न्यायिक संस्थाओं के सुचारू संचालन, वादकारियों की सुविधा और विधि के सम्मान के लिए यह आंदोलन पूर्णत: लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं जनहितकारी स्वरूप में किया जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ ने समस्त अधिवक्ताओं से अपील की है कि, वे इस रैली में सक्रिय रूप से सहभागी बनकर न्यायिक गरिमा की रक्षा हेतु अपना समर्थन प्रदान करें। बैठक में संघर्ष समिति के सदस्य संजय अम्बष्ट, अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष सरिता पाण्डेय, नितेश चंद्र शुक्ल, सचिव सम्पूर्णान्क गुप्ता, सह सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, ग्रंथालय प्रभारी अनिल सिन्हा, क्रीड़ा सचिव रोहित तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, उमंग दुबे, नचिकेता जायसवाल, राजीव सिन्हा, धनंजय मिश्रा उपस्थित रहे।

# मैनपाट में काम करने आए पश्चिम बंगाल निवासी युवक का मिला शव

## शरीर में चोट के निशान, फरार साथी युवक पर हत्या का संदेह



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिला के कमलेश्वरपुर, मैनपाट थाना अंतर्गत ग्राम कुदारीडीह में यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक का मंगलवार की सुबह शव मिला, उसकी पहचान पश्चिम बंगाल निवासी युवक के रूप में हुई है। वह अपने साथियों के साथ निर्माणाधीन भवन में राजमिस्त्री का काम करने आया था। सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। साथ में काम करने वाला एक युवक फरार है, जिसके हत्या में शामिल होने की आशंका है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह मैनपाट के मेहता प्वाइंट रोड स्थित ग्राम कुदारीडीह के यात्री प्रतीक्षालय के पास मैदान में एक युवक की लाश मिलने की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने कमलेश्वरपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक का शरीर औंधे मुंह पड़ा हुआ था और शरीर मं जगह-जगह चोट के निशान थे। इससे आशंका हत्या की बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का फिंगर प्रिंट लेने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृत युवक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी राजू के रूप में हुई है, जो मेहता प्वाइंट रोड स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग वसुंधरा विहार में राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस ने मृतक के स्वजन को मोबाइल से घटना की सूचना दी है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

# बुजुर्ग दंपत्ति ने हल्दी, बारात और संगीत के बीच शादी के सुखद पल को किया याद

## हाथों में लाठी लिए 82 साल के दूल्हे और 77 साल की दुल्हन ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वैवाहिक वर्षगांठ मनाना यूं तो परिपाटी बन गई है। समाचार का शीर्षक पढ़कर आप भी कहेंगे कि भला इसमें क्या खास है और ये खबर क्यों बनी। जनाब ये वैवाहिक वर्षगांठ बेहद खास इसलिए था क्योंकि करीब 82 साल के दूल्हे और करीब 77 साल की दुल्हन ने हाथों में लाठी लेकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। शहर में सोमवार को एक अनोखा और भावनाओं से भरा आयोजन देखने को मिला, जब बुजुर्ग दंपत्ति बलदेव प्रसाद सोनी और उनकी धर्मपत्नी बेचनी देवी ने अपने 65वें वैवाहिक वर्षगांठ को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत हल्दी रस्म से हुई, जिसमें स्वजन और रिश्तेदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद दूसरे दिन बारात भी निकाली गई, जिसमें ढोल-नगाड़े की धुन पर रिश्तेदार और स्थानीय लोग जमकर नाचे। दूल्हा बने बलदेव प्रसाद सोनी ने पारंपरिक पोशाक पहनकर सबका दिल जीत लिया, वहीं दुल्हन बनी बेचनी देवी ने मुस्कुराते हुए फिर से सात फेरे लेने की यादें ताजा कर दी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार और रिश्तों की अहमियत से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था। पूरे कार्यक्रम में आनंद और भावनाओं का माहौल बना रहा। खास बात यह रही कि स्थानीय लोगों ने भी इस अनूठे आयोजन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह शादी नहीं, बल्कि 'समर्पण और प्रेम की मिसाल' है।

**वैवाहिक वर्षगांठ में अधूरे सपने को 65 वर्ष बाद पूरा किया पुत्र-पुत्रियों ने**

**दो बेटों और दोनो बेटियों ने उठाया बीड़ा**

बलदेव प्रसाद सोनी ब्रम्हरोड के निवासी हैं, इनके बड़े बेटे दिनेश और छोटे बेटे विनोद के साथ दो बेटियां मंजू और अंजू हैं। इनका कहना है कि जब वो बड़े हुए तो उनके माता-पिता अक्सर ये बात कहते थे कि उनकी शादी कम उम्र में कर दी गई और आर्थिक संपन्नता नहीं होने के कारण उनका शादी का शौक पूरा नहीं हो पाया। यही कारण था कि चारों ने एक साथ मिलकर अपने माता-पिता के शादी के सालगिरह आयोजन को नयापन देने का निर्णय लिया, इसके लिए बाकायदा सभी रस्में निभाई गई। हल्दी और मंडप के साथ घर से बकायदा बारात निकाली गई और एक बड़े होटल में वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस आयोजन में बहुओं बसंती और उर्मिला के साथ दोनों समाद शिवशंकर और अशोक ने भी खूब सहयोग किया।

**परपोता बना सारथी**-आम तौर पर ऐसा सौभाग्य कम ही मिल पाता है कि कोई अपने परपोता के साथ इतना लंबा जीवन जी सके। बलदेव और बेचनी अभी एकदम स्वस्थ हैं और अपने परपोते जो कि खुद 18 साल का हो गया है, के साथ जीवन का आनंद ले रहे हैं। इस आयोजन में खास बात यह रही कि बलदेव और बेचनी के बारात में उनका परपोता तनिष्क सर्राफ सारथी बनकर गाड़ी में बैठा और दुल्हा बने परदादा और दुल्हन बनी परदादी को लेकर गया।

# वनांचल पेंडरखी में अस्पताल से डॉक्टर-नर्स रहे नदारद, घंटों तड़पते रहे घायल



**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** मुख्यालय के वनांचल ग्राम पेंडरखी में बीते सोमवार को दोपहर 12 बजे अटल चैक पर दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर हो गई। दोनों मोटरसाइकल में सवार लोग सड़क पर पड़े थे, दोनों का सिर फट गया था, जिससे खून बह रहा था। इन्हें गंभीर चोटें आई थी। घायलों को ठेकेदार नरेश यादव व रेस्ट हाउस के कर्मचारी शंभू दास ने पेंडरखी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन यहां ताला लटका मिला। वनांचल पेंडरखी में नेटवर्क की समस्या होने के कारण उप स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डॉक्टर, नर्स या घटना की सूचना पुलिस को देना या एम्बुलेंस के लिए संपर्क कर पाना भी मुश्किल था। ऐसे में मददगारों ने नेटवर्क वाले स्थल पर पहुंचकर डॉयल 112 की टीम को फोन किया। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और 64 किलोमीटर का फासला तय करके दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद यहां से इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया। ऐसे में घायलों को घंटों स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया, और बेहोशी की हालत में दोनों पड़े रह गए। टक्कर में दोनों का मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।






## पीएम ने एक लाख करोड़ की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ किया

# कहा- भारत के पास आज दुनिया का सबसे सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा

नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की गई है। पीएम ने एक लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पहली बार पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। 21वीं सदी में, वैश्विक विशेषज्ञों के एक मंच पर आकर उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर विचार-विमर्श करके दिशा प्रदान करने की सख्त जरूरत है। इसी जरूरत ने एक विचार को जन्म दिया, जो इस कॉन्क्लेव के विजन में विकसित हुआ। यह विचार इस कॉन्क्लेव के माध्यम से आकार ले रहा है। पीएम ने इस पहल में विभिन्न मंत्रालयों, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि कल भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों और इसरो को हार्दिक बधाई दी।



पीएम मोदी संबोधित करते हुए

**पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है**

- देश प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवर्तन का अग्रणी बना
- प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेजी से पहुंचने की पहल



पीएम मोदी ने भारत मंडपम में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया

### आधुनिक नवाचार का ईकोसिस्टम बना रहे

21वीं सदी को अभूतपूर्व परिवर्तन का काल बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था एक नए बदलाव का साक्षी बन रही है। भारत उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ा रहा है और उन पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत एक आधुनिक नवाचार ईकोसिस्टम बनाने के लिए काम कर रहा है और अनुसंधान सुगमता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय नियमों और खरीद नीतियों में कई सुधार किए हैं। इसके अतिरिक्त, नियमों, प्रोत्साहनों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी सुधार किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेजी से पहुंच सकें।

### भारत में होगा वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन

पीएम ने कहा कि भारत नैतिक और मानव-केंद्रित एआई के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी एआई गवर्नेंस ढांचा इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा जिसका उद्देश्य नवाचार और सुरक्षा को एक साथ विकसित करना है। भारत फरवरी 2026 में वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

### 6000 से ज्यादा स्टार्टअप काम कर रहे

पीएम ने कहा कि भारत को नवाचार केंद्र बनाने के लिए निर्णयों के अब स्पष्ट परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पंजीकृत पेटेंटों की संख्या 17 गुना बढ़ गई है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने बताया कि भारत में 6,000 से ज्यादा डीप-टेक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### 10000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित कीं

पीएम ने कहा कि भारत जितने अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की ओर अग्रसर कर सकेगा, राष्ट्र के लिए उतना ही बेहतर होगा। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप देश भर में लगभग 10,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं जहां एक करोड़ से अधिक बच्चे जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन लैब की सफलता से प्रोत्साहित होकर, 25,000 नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। सैकड़ों नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं जिनमें सात नए आईआईटी और सोलह आईआईआईटी शामिल हैं।

## लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर बनेगा एसआईआर: कुमार

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी मुहिम करार देते हुए**



इसे भारतीय लोकतंत्र के लिये मील का पत्थर बताया है। रविवार को आईआईटी-कानपुर के स्थापना दिवस पर बिहार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को 'दुनिया का सबसे बड़ा अभियान' बताया और कहा कि जब यह प्रक्रिया 12 राज्यों के सभी 51 करोड़ मतदाताओं तक पहुंच जाएगी तो यह निर्वाचन आयोग और देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। जब देश में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो लोगों को न केवल निर्वाचन आयोग पर बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक की ताकत पर भी गर्व होगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भूमि प्लॉट नम्बर 539/1 में से रकबा 0.39 एकड़ एवं ग्राम गंगापुर खुर्द में शासकीय नजूल भूमि प्लाट नंबर 1/1 में से रकबा 0.63 एकड़ कुल 1 एकड़ भूमि को मरीजों के परिजनों हेतु विश्राम गृह का निर्माण करने बाबत आबंटन करने की मांग की गई है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-07/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आप्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

**//ईश्तहार//**

**रा०प्र०क्र० अ-24/2024-25**

उषा अग्रवाल प्रति छ०ग० शासन

सर्वसाधारण ग्राम अनुजनगर रा.नि.म. लटोरी तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर छ०ग० को सूचित किया जाता है आवेदिका उषा अग्रवाल पति पवन अग्रवाल निवासी ग्राम अनुजनगर तहसील लटोरी ने अपने खाते की भूमि ग्राम अनुजनगर स्थित खसरा नं0 856/3, 856/23, 856/24 सभी खसरा नंबर में से 20 फीट चौड़ा पुर्व दिशा में सड़क निर्माण हेतु छ०ग० शासन के पक्ष में त्यजन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि पर जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 10/11/2025 को स्वतः उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार लटोरी
जिला सूरजपुर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुशबू पटेल पिता रामकृष्ण पटेल निवासी बरतीकला तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 301/13, 0.030 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, रा. नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 19/11/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा). अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष**

**ग्राम प.ह.न.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो तहसीन पिता समिमुददिन जाति मुसलमान निवासी ग्राम सोनपुर प.ह.न.05.रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक स्वयं तहसीन आ० समिमुददिन का जन्म दिनांक 08/06/2007 को ग्राम सोनपुर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक स्वयं तहसीन के द्वारा ग्राम पंचायत सोनपुर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 24/10/25 ?को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

## झाड़ियों में मिला अज्ञात महिला का शव, इलाके में फैली सनसनी

संवाददाता

लखनऊ। अज्ञात महिला का शव एक बाग में झाड़ियों में औंधे मुंह पड़ा मिला। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। माल थाना क्षेत्र के बसहरी गांव निवासी राजपाल उर्फ.होरी लाल सुबह अपने आम के बाग की जुताई करने पहुंचे थे। तभी झाड़ियों के पास उन्हें एक अर्धनग्न महिला का शव दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान रणवीर सिंह को जानकारी दी।

## लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय गणित सम्मेलन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने वैश्विक युवा मस्तिष्कों को किया प्रेरित

**भारत के युवा नवाचार और नेतृत्व की सीमाएँ कर रहे हैं पुनर्परिभाषित - डॉ. राजेश्वर सिंह**

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन में आयोजित 10वां अंतर्राष्ट्रीय युवा गणितज्ञ सम्मेलन (कटउ) 2025 में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन से दस देशों से आए प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित किया। यह सम्मेलन गणित की उस वैश्विक भाषा का उत्सव था जो पूरे विश्व को एक सूत्र में बाँधती है। उटर की विरासत की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सिटी मॉन्टेसरी स्कूल न केवल भारत के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में से एक है बल्कि विश्व के श्रेष्ठतम शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है। जो सपना डॉ. जगदीश गांधी जी ने 1959 में देखा था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है - 63,000 छात्र, 21 कैम्पस और ह्यविश्व शांति के लिए शिक्षा की अनूठी परंपरा, उटर इसका जीवंत उदाहरण है,ह्व डॉ. सिंह ने कहा, साथ ही संस्थान की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन जी द्वारा इस विरासत को आगे बढ़ाने के कार्य की भी सराहना की। युवा गणितज्ञों को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि गणित मात्र एक विषय नहीं, बल्कि हर आधुनिक तकनीक की नींव है – यह वह सार्वभौमिक भाषा है जो सम्पूर्ण ब्रह्मांड को जोड़ती है। बुद्धिमान मशीनों के इस युग में गणित हमें हर चुनौती से पार पाने की शक्ति देता है। वर्ष 2045 तक साइबरनेटिक इंटेलिजेंस संयुक्त मानव बुद्धि से भी आगे निकल जाएगी - ऐसे में युवाओं को अपने डिजिटल कौशल, वैज्ञानिक समझ और नैतिक विवेक को उन्नत करना होगा ताकि वे इस परिवर्तन का नेतृत्व कर सकें। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमेशा मानवता की सेवक बने, शासक नहीं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय मे मामला**

क्रमांकः 202510031100046
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्तः-2025-2026
बंधियाखार प.ह.न. 00006 [15/13(0.0280 हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -यदुभूषण सिंह पिता बलीराम ठाकुर,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम बंदियाखार प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक यदुभूषण सिंह पिता बलीराम ठाकुर जाति गोड़ निवासी ग्राम टांगरगांव तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम बंदियाखार प. ह. नं. 06 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 15/13 रकबा 0.028 है. (283.64 वर्गमीटर) का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति, प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/10/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
पत्थलगांव जिला जशपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय मे मामला**

क्रमांकः 202510031100045
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्तः- 2025-2026
पत्थलगांव प.ह.न. 00006 [327/14(0.0910 हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -जगमन्दर प्रसाद पिता नान्हू राम,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग.शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगमन्दर प्रसाद पिता नान्हू राम जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव, जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पत्थलगांव प. ह. नं. 06 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 327/14 रकबा 0.0910 हे. (910 वर्गमीटर) का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/10/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
पत्थलगांव जिला जशपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय मे मामला**

क्रमांकः 202511031100005
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्तः-2025-2026
बंधियाखार (प ह न. 00006),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -दिनेश कुमार भगत पिता राखी राम भगत,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम बंदियाखार प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार भगत पिता राखी राम भगत निवासी ग्राम बंदियाखार तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम बंदियाखार प. ह. नं. 06 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 197/15, 197/16 कुल ख.नं. 02 रकबा 0.040 हे., में से 0.020 हे., 0.040 हे. में से 0.020 हे. कुल रकबा 0.080 हे. में से 0.040 हे. का आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
पत्थलगांव जिला जशपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय मे मामला**

क्रमांकः 202511031100004
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्तः- 2025-2026
बंधियाखार प.ह.न. 00006 [197/19 (0.0400 हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार विनीत भगत पिता जयराम भगत,
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम बंदियाखार प.ह.न. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनीत भगत पिता जयराम भगत जाति उरांव निवासी ग्राम सलखिया, तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम बंदियाखार प. ह. नं. 06 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 197/19, रकबा 0.040 हे. में से 0.020 हे. का आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
पत्थलगांव जिला जशपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202510031100044
विषयः- अ-2
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्तः-2025-2026
पालीडीह (प ह न. 00009),
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार मार्टिन कुजूर पिता बुधराम कुजूर,
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन,
ईश्तहार

एतव द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह प.ह.न. 09, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (थं.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मार्टिन कुजूर पिता बुधराम कुजूर जाति उरांव निवासी ग्राम पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव, जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पालीडीह प. ह. नं. 09 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 206/7, 206/8 रकबा 0.016 हे., 0.016 है. (324.16 वर्गमीटर) का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ (गोदाम एवं दुकान) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 19.11.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी
पत्थलगांव जिला जशपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष**

**ग्राम शिवप्रसादनगर. न. -08**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता शिवराम जाती पनिका निवासी ग्राम, शिवप्रसादनगर ..प.ह.न 08.रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र / पुत्री कु० दिव्या आ शिव कुमार का जन्म दिनांक 17/07/2010 को ग्राम.. शिवप्रसादनगर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री कु० दिव्या का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत शिवप्रसादनगर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किंसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 7/10/25 आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी भैयाथान
जिला- सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र० /अ-2/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मादर मण्डल पिता बाबुराम मण्डल जाति नमोशुद्र निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला अम्बिकापुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 259/1 रकबा 0.044 हे0 में से 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 14/4/2025 को मेरे न्यायालय में अध्वा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अत्पत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष**


**ग्राम प.ह.न.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद रजा पिता जफीरुददिन अंसारी जाती-मुसलमान निवासी ग्राम सोनपुर प.ह.न.05 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक स्वयं मोहमद रजा का जन्म दिनांक 18-07-2007 को ग्राम सोनपुर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक स्वयं मोहम्मद रजा जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सोनपुर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 24/10/2025 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.)



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style


# कियारा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर


कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।



हॉलीवुड मसाला




# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर



को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।

# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन

## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



**पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा**

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।


## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

# राज्योत्सव, हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए देता है प्रेरणा : रामसेवक

## रंगारंग सांस्कृतिक आयोजनों के साथ राज्योत्सव के 3 दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ न केवल धान का कटोरा है बल्कि संस्कृति का खजाना है। राज्योत्सव केवल एक उत्सव नही बल्कि यह हमारी पहचान है, हमारी परंपरा और हमारी लोक संस्कृति का सम्मान है यह बात जिला स्तरीय राज्योत्सव समापन कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष, प्रदेश की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। राज्योत्सव हमारे जीवन से जुड़ी उस माटी, मेहनत और संस्कृति का उत्सव है, जिसने छत्तीसगढ़ को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कला और संस्कृति के संरक्षण से हमारी पहचान और मजबूत हुई है। श्री पैकरा ने कहा कि राज्योत्सव हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि हम सब मिलकर आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भूलन सिंह मरावी किया गया। राज्योत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लुप्त उठाने के लिए नगरवासी बड़ी तदाद



में कार्यक्रम स्थल पर पंहुचें थे। आज के कार्यक्रम के आकर्षण स्थानीय कलाकार रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया। सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में लगाये गए प्रदर्शनी में शिक्षा विभाग का स्टॉल सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग विधाओं से संबंधित चार जीवंत मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया था। जिसमें मक्के छिलने वाला उपकरण, बिना बिजली का ट्रेडमिल, मूंगफली से दाना निकलने वाला उपकरण व नारियल फोड़ने वाले उपकरण का प्रदर्शन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा भी खेतों से धान कटाई से लेकर वितरण व उचित मूल्य दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का मॉडल का प्रदर्शन किया गया। स्टाल में चरणबद्ध तरीके से धान की कटाई, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां में किसान पंजीयन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में धान का परिवहन कर खरीदी , धान संग्रहण केदो में भंडारण तथा राइस तक परिवहन करने का प्रदर्शन किया गया है द्य इसके साथ ही स्टॉल में राईस मिल से छ.ग. स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन में कस्टम मिलिंग का चावल भण्डारण एवं उचित मूल्य दूकानों में चावल का भण्डारण कर हितग्राहियों को वितरण करना भी दर्शाया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, शैलेश अग्रवाल, राजेश महलवाला, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, संतलाल सिंह, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर एस. जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम शिवानी जायसवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपार आईडी कार्य की समीक्षा करने बीईओ पहुंचे राई हाईस्कूल, धीमे कार्य से नाराज बीईओ ने दो दिन का दिया अल्टीमेटम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** शिक्षा के क्षेत्र में वन नेशन, वन स्टूडेंट अपार आईडी बनाने का काम सही तरीके से और समय पर हो रहा है या नहीं। इसकी समीक्षा करने के लिए भैयाथान विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मरावी ने भ्रमण कर जायजा लिया। इसी बीच अचानक मंगलवार की दोपहर शासकीय हाईस्कूल राईं पहुचे जहाँ अपार आईडी कार्य की समीक्षा ली गई जिसमे धीमें गति कार्य होना पाया गया। अब तक यहाँ उच्चाधिकारियों ने निर्देश के बाद भी ध्यान नही देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीईओ ने संकुल प्रभारी को जमकर फटकार लगाई गई और



आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई। अपार आईडी छात्रों का डिजिटल पहचान पत्र की कार्य पूरी करने के लिए बीईओ मरावी ने संकुल प्रभारी व प्राचार्य इसिदोर तिर्की को चेतावनी दिए कि कहा कि दो दिन के इस अवधि पर यदि पूरे संकुल का अपार आईडी का कार्य पूरी नहीं हुई तो आगे की कार्रवाई के लिए स्वम जिम्मेदार होंगे। साथ ही जाते-जाते उन्होंने स्वच्छता पर भी बल दिया, उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल व शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

आपको बता दे कि पूरे खण्ड में एसडीएम, बीईओ, एबीईओ, बीआरसी के द्वारा लगातार स्कूलों में जाकर अपार आईडी कार्य की समीक्षा की जा रही है।

# अंधेरे से मुक्ति, फसल नुकसान समेत अन्य समस्याओं से निजाद दिलाने की मांग

## बिहारपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पहुंचे जिला मुख्यालय, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर/बिहारपुर।** जिले के दूरस्थ बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीण बिजली की सुविधा बिजली से वंचित हैं। वर्षों से बिजली सप्लाई शुरू न हो पाने से परेशान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का धैर्य अब टूटने लगा है। इसी गंभीर समस्या के साथ हाल ही में लगातार हुई बारिश से किसानों की धान की फसल बर्बाद होने के विषय को लेकर मंगलवार को क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के सरपंच जिला कार्यालय सूरजपुर पहुँचे और समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उमझर, करौटी ए, खैरा समेत लगभग दो दर्जन गांवों में आज तक बिजली की लाइन तक नहीं पहुंचाई गई है। ग्रामीण



अंधेरे में जिंदगी गुज़ारने को मजबूर हैं। विभाग द्वारा प्रदत्त सोलर पावर प्लांट और होम लाइट भी अधिकतर गांवों में बंद पड़े हैं, जिससे जनता और भी समस्याओं का सामना कर रही है। इधर, भारी बारिश से धान की खड़ी फसल में पानी भर गया है और खेतों में फसल सड़ने लगी है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का त्वरित सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किए जाने की पुरजोर मांग की। जनप्रतिनिधियों ने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति एवं किसानों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर बाध्य होंगे। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में उमझर, करौटी ए, खैरा एवं आसपास के पंचायतों के सरपंच शामिल थे।

# धान खरीदी से पूर्व किसानों की सुविधानुरूप समितियों में करें आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण : जयवर्धन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,पीएम आवास, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण, घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन, प्रधानमंत्री सूर्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर भी चर्चा की। सड़क मरम्मत कार्य को लेकर बैठक मे पीडब्ल्यूडी अभियंता व अन्य निर्माण एजेंसी के अभियंताओं को को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ व गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि माप-तौल, परिवहन, भुगतान भंडारण और बारदाना व्यवस्था



पूरी तरह सुव्यवस्थित होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय और छायादार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि किसान को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में हर स्तर पर पारदर्शिता दिखनी चाहिए।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को खरीदी केंद्रों की तैयारियों को लेकर निर्धारित चेकलिस्ट का अनुपालन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मेहनत, अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की सच्ची कुंजी : सोमनाथ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित अरुणोदय कैरियर के लिए वह समय अत्यंत गौरवपूर्ण हो गया जब इंस्टीट्यूट की छात्राएं, जिन्होंने हाल ही में छत्तीसगढ़ नगर सेना परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, अपने शिक्षकों और सहपाठियों से मिलने संस्था में पहुँचीं।

इस वर्ष संस्था से लगभग 22 छात्राओं का चयन नगर सैनिक के पद पर व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से हुआ है। जिनमें राधा सिंह, प्रीति सिंह, संध्या, सरिता, गीता सिंह, चिंता सिंह, नेहा रजवाड़े , मनमेत, सविता, पार्वती, डिम्पल सिंग इत्यादि शामिल हैं। संस्था में इनका स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट के बीच किया गया।

सभी छात्राएं जब मंच पर पहुँचीं, तो पूरे परिसर में उत्साह, प्रेरणा और गर्व जैसे सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बन गया। छात्राओं ने अपने संघर्ष, तैयारी की रणनीतियाँ और सफलता की यात्रा साझा कर संस्था में मिठाई के माध्यम से अपनी खुशियां बांटी। उन्होंने अरुणोदय के शिक्षकों और मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मुख्य आधार बताया एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक संचालक विजेंद्र एक्का द्वारा संस्था में पहुंच कर इन छात्राओं को बधाई एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सोमनाथ साहू ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि, अरुणोदय के विद्यार्थियों की यह सफलता पूरे संस्थान के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मेहनत, अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के व्याख्याता रोहित तिवारी द्वारा किया गया। संस्था में संगीता सोनी ने विशेष बधाईयां दी।अंत में सभी चयनित छात्राओं के साथ समूह चित्र लिया गया, जिसने इस दिन को अरुणोदय के इतिहास में एक स्मरणीय क्षण के रूप में दर्ज कर दिया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित अरुणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना 2018 में हुई थी, तब से अब तक केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में यहां के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने लगातार सफलता प्राप्त करके जिला प्रशासन को गौरवांवित किया है।

### पीएससी साक्षात्कार हेतु तीन छात्रों का हुआ चयन

पीएससी 2024 के मुख्य परीक्षा के परिणाम के अनुसार संस्था के तीन छात्रों अजय सिंह, राजेंद्र सिंह, कपिल देव सिंह का चयन साक्षात्कार हेतु हुआ है। संस्था को उम्मीद है कि सभी छात्रों का चयन इस वर्ष वांछित पदों पर हो जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम चरचा की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जयनिता पिता/पति आकाश जाति कोड़कू निवासी चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा आकाश निवासी चरचा का जन्म/मृत्यु दिनांक 04/09/2023 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 30/10/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासी/ग्राम सलका की आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अतिउल्ला पिता/पति गफ्फार जाति मोमिन निवासी सलका तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा स्व. सहीदा निवासी सलका का जन्म/मृत्यु दिनांक 09/11/2011 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो स्वयं अथवा अभिभावन के माध्यम से उपस्थित हो कर इस न्यायालय मे दिनांक 07/11/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सचनवाई नही होगी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202511020700008

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन् :- 2025-2026

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार भूखल राम यादव,
अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन,

### ईश्तहार

आवेदक भुखल राम यादव आर०स्व० जयनाथ यादव निवासी ग्राम महुआटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित खसर। नंबर 2010, 2011 रकबा 0.045. 0.142 0.142 हे० भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील अम्बिकापुर

# रजत महोत्सव पर धान कटाई व राशन दूकानों से खाद्यान्न वितरण मॉडल का किया गया प्रदर्शन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** खाद्य विभाग के द्वारा छ.ग. रजत महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय आपूर्ति श्रृंखला किया है। विभाग द्वारा भी खेतों से धान कटाई से लेकर वितरण व उचित मूल्य दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का मॉडल का प्रदर्शन किया गया। स्टाल में चरणबद्ध तरीके से धान की कटाई, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां में किसान पंजीयन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में धान का परिवहन कर खरीदी, धान संग्रहण केद्रो में भंडारण तथा राइस तक परिवहन करना प्रदर्शित किया है। इसके बाद राईस मिल से छ.ग. स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन में कस्टम मिलिंग का चावल भण्डारण एवं उचित मूल्य दूकानों में चावल का भण्डारण कर हितग्राहियों को वितरण करना दर्शाया गया है। उचित मूल्य दुकानों से समस्त बीपीएल हितग्राहियों को फोर्टीफाईड चावल का वितरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाता है। स्टाल में विभाग द्वारा सामान्य चावल, फोर्टीफाइड चावल तथा फोर्टीफाइड राईस कर्नेल का प्रदर्शन भी किया गया है तथा हितग्राहियों को फोर्टीफाइड चावल के लाभ के संबंध में जागरूक भी किया जा रहा है। अंत में विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए गैस एजेंसी का मॉडल



प्रदर्शित किया गया है विदित होकर केंद्र शासन द्वारा 10 लाख नए गैस कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। विभागीय स्टाल में धान के खेतों से परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं ट्रक में लोड धान तथा चावल के बोरे विशेष आकर्षण का केंद्र बने हैं। खाद्य विभाग में वर्तमान में जिले के एपीएल राशनकार्ड धारी सहित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के 2,47,712 हितग्राहियों को खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 126496 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है तथा विगत वर्ष में 59052 किसानों से 3,97,204.48 मेट्रिक टन का उपार्जन भी किया गया है जिसका मूल्य 91357.05 लाख रूपये किसानो को भुगतान किया गया है।

### विज्ञान मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

शिक्षा विभाग के स्टॉल में बालक माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग विधाओं से संबंधित चार जीवंत मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के रचनात्मकता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रशंसा एवं सराहना जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। विद्यार्थी नवल साय 10 वीं ने मूंगफली फोड़ने वाले उपकरण का निर्माण किया है जो कम से कम समय में अधिक से अधिक मूंगफली के दोनों को उनके छिलकों से अलग करता है। दिनेश साहू 9 वीं ने ग्रामीण क्षेत्रों में मक्के छीलने की समस्या को देखकर मक्का छीलने वाले उपकरण का निर्माण किया है।अविनाश सिंह 12 वीं ने बिना बिजली से चलने वाले लकड़ी से बने ट्रेडमिल का निर्माण किया है। जिसका निर्माण कर आम आदमी भी बिना बिजली के कम खर्चे में स्वास्थ्य लाभ ले सकता है। वहीं जावेद रजा अंसारी 12 वीं ने धार्मिक स्थलों, विभिन्न प्रकार के समारोह और घरों में नारियल फोड़ने की समस्या को देखते हुए कम समय में अधिक से अधिक नारियल फोड़ने वाले उपकरण का निर्माण किया है। जिसका निरीक्षण कर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज,प्रेम नगर के क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी एवं जिले के उच्च अधिकारियों व कर्मचारियों इसके अलावा आम जनता द्वारा छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत,समर्पण एवं विज्ञान को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए बधाई दे रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए जीवंत मॉडल में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत साफ दिखाई दे रही है, जिन्होंने इन्हें प्रदर्शित करते हुए अपार आत्म विश्वास, नवीनता,ज्ञान और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया है। जिससे हमारा शिक्षा विभाग गौरवान्वित हुआ है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, डीएमसी मनोज कुमार साहू एवं सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंह देव ने राज्य उत्सव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी, मार्गदर्शक शिक्षक गोपाल सिंह एवं विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## समय की जरूरत है यातायात नियमों का पालन, भारी पड़ सकती है लापरवाही : एसएसपी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है। इसकी रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 से 15 नवम्बर तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है, जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और उनका उल्लंघन करने से बचने की अपील की। मंगलवार, को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए



हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी कराई जा रही है। अभियान के दौरान आमजनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। पुलिस के जागरूकता अभियान में सड़क पर हेलमेट लगाकर सफर कर लोग अन्य नागरिकों को हेलमेट पहनकर बाईक चलाए कहते नजर आए और बताया कि हाथ-पैर में चोट लगा तो वह ठीक हो जायेगा किन्तु हेलमेट न पहनने की स्थिति में सिर में चोट लगाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए बाईक चलाते समय हेलमेट जरूर पहने और सुरक्षित रहे।

# राज्य अलंकरण एवं 'रजत महोत्सव' समापन समारोह 2025

5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर



श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

## मुख्य अतिथि

**श्री सी.पी. राधाकृष्णान**
मान. उपराष्ट्रपति

## अध्यक्ष

**श्री रमेन डेका**
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़

## अतिविशिष्ट अतिथि

**श्री विष्णु देव साय**
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विशिष्ट अतिथि

**श्री तोखन साहू**
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री

**डॉ. रमन सिंह**
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

**श्री अरूण साव**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़

डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर

श्री राजेश मूणत
विधायक

श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक

श्री मोती लाल साहू
विधायक

श्री अनुज शर्मा
विधायक

श्री सुनील सोनी
विधायक

श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक

एवं

समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं।**



सूर्यकिरण एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय, नवा रायपुर अटल नगर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें



लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

आर.ओ. नं.-45791/21

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर